# महाकाली के भुवन में | By Surbhi Gupta

महाकाली के भुवन में डंका बाजे
महाकाली के भुवन में........2
बाजे शंख मृदंग ......२
छम छम नाचे हनुमत भैरव होक मस्त मलंग
महाकाली के भुवन में डंका बाजे
महाकाली के भुवन में........

महाकाली कलकत्ते वाली सजा तेरा दरबार
धूम मची है नाम की तेरी होवे जय जयकार
छन छन छन छन झांझर बाजे
छन छन छन छन झांझर बाजे, बाजे ढोल मृदंग
महाकाली के भुवन में डंका बाजे
महाकाली के भुवन में........

अजब तेरा श्रृंगार है मैया पहने मुण्डो की माला
हाथों को मैया तन पे लपेटे रूप धरे विकराल
अस्त्र शास्त्र हाथन में साजे, साजे नाग भुजंग
महाकाली के भुवन में डंका बाजे
महाकाली के भुवन में........

वचन ना जाए खाली तेरा, सबकी लाज बचाये
मन्नत सबकी पूरी करती आस के दीप जलाये
माँ के चरणों में खुशियां नाचे, नाचे मन में उमंग
महाकाली के भुवन में डंका बाजे
महाकाली के भुवन में........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a5%81%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-surbhi-gupta/